दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 08.09.2023

प्रकाशनार्थ

एन.सी.सी. में नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन

दिनांक 08.09.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय के विद्यार्थियों का एन.सी.सी. (नेशनल कैडेट कोर) के प्रथम एवं तृतीय वर्ष (बी एवं सी प्रमाण पत्र) में नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा, सत्र: 2023–24 का आयोजन महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के मैदान में सम्पन्न हुआ।

नामांकन के लिए कुल 109 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमे से 93 विद्यार्थी शारीरिक परीक्षा हेतु अर्ह पाए गए, जिनमें से अन्तिम रूप से 47 विद्यार्थियों शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल हुए। सफल हुए विद्यार्थियों में से प्रथम वर्ष हेतु एसडी कैडेट, एसडब्लू कैडेट तथा तृतीय वर्ष हेतु एसडी कैडेट एवं एसडब्लू कैडेट का चयन किया गया। कैडेट्स का चयन उनके विभिन्न प्रमाण पत्रों, कद/लम्बाई, दौड़, सीट अप, पुश अप आदि तथा उनके अकादमिक मेरिट के आधार पर किया गया। भर्ती के दौरान एनसीसी 44 उ.प्र. बटालियन के कमान अधिकारी सतीश कंवर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं भी दी।

सूबेदार मेजर काशी राज ने विद्यार्थियों को एनसीसी के उद्देश्य तथा उसके नियम–कानून से परीचित काराया। विद्यार्थियों के नामांकन और शारीरिक परीक्षण में सूबेदार मेजर काशी राज, पी.आई. स्टाफ संजय जिम्बा, उत्तम लामा के साथ महाविद्यालय के सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र ने, एन.सी.सी. प्रशिक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव के साथ एन.सी.सी. द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के कैडेट्स का पूर्ण सहयोग रहा रहा

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क